## न्यूज डायरी



### 41 हजार तबलीगी जमातियों ने उड़ाई पाकिस्तान की नींद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान, भारत, मलेशिया समेत एशिया के कई मुल्ध्कों में किलर कोरोना वायरस के प्रसार का सबब बने तबलीगी जमात के सदस्यों ने इस्लामाबाद की नींद उड़ा दी है। पाकिस्तान के अधिकारी अब तबलीगी जमात के 41 हजार ऐसे सदस्यों की तलाश कर रहे हैं जो पिछले महीने लाहौर में हुए इज्तिमा में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम के बाद देश के कोने–कोने से आए ये लोग वापस अपने घरों को लौट गए थे। लाहौर के राइविंड इलाके में पांच दिन तक हुए इस इज्तिमे में दुनियाभर से करीब ढाई लाख लोग शामिल हुए थे। इज्तिमे में शामिल कई जमाती अब कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। पाकिस्ध्तानी अधिकारी अब बाकी बचे जमातियों की तलाश कर रहे हैं ताकि उन्हें क्वारंटाइन किया जा सके। एक सीनियर ऑफिसर ने नाम न बताए जाने की शर्त पर जिओ न्ध्यूज से कहा, लाहौर में अकेले तबलीगी जमात के 41 लोग कोरोन वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं।

### दक्षिण कोरियो में कोरोना वायरस के 86 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के 86 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमित लोगों की संख्या 10,000 के पार हो गई है।दक्षिण कोरिया के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र ने शुक्रवार को बताया कि इनमें से करीब आधे मामले घनी आबादी वाले सियोल महानगरीय क्षेत्र से आए हैं, जहां बाहर से आए लोगों के सम्पर्क में आने वाले लोगों के संक्रमित होने के मामले बढ़ रहे हैं।वहीं संक्रमण के अन्य 22 मामलों की जानकारी हवाई अड्डे पर हुई जहां कर्मी बुखार और सांस लेने में तकलीफ के लक्षण वाले यात्रियों को अलग कर रहे हैं।दक्षिण कोरिया ने देश के बाहर से आने वाले संक्रमण को रोकने के लिए बुधवार से यहां आए यात्रियों के लिए दो सप्ताह क्वारंटीन रहना अनिवार्य कर दिया है।केसीडीसी ने कहा कि देश में संक्रमित 10,062 लोगों में से कम से कम 647 बाहर से आए यात्री हैं।

### चीन कोरोना वायरस मृतकों की याद में चार अप्रैल को शोक दिवस मनाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में अपनी जान गंवाने वाले ''व्हिसलब्लोअर'' डॉक्टर ली समेत अन्य शहीदों तथा इस संक्रामक रोग से देश में 3,300 लोगों की मौत पर शनिवार को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाएगा। आधिकारिक मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस दौरान देशभर तथा विदेशों में सभी चीनी दूतावासों तथा वाणिज्य दूतावासों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और देशभर में सार्वजनिक मनोविनोद की गतिविधियां स्थगित रहेगी। शनिवार को सुबह दस बजे देशभर में चीन के लोग मृतकों की याद में तीन मिनट का मौन रखेंगे। चीन के मध्य हुबेई प्रांत में ''व्हिसलब्लोअर' डॉक्टर ली वेनलियांग समेत 14 कार्यकर्ताओं की पहचान कोविड–19 से लड़ाई में अपनी जान देने के लिए शहीदों के तौर पर की गई।

### ब्रिटेन ने बनाया अप्रैल के अंत तक हर दिन 1,00,000 टेस्ट का लक्ष्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन ने अप्रैल के अंत तक हर दिन 1,00,000 लोगों को कोराना वायरस के लिए टेस्ट करने का लक्ष्य बनाया है। खुद कोरोना वायरस का सामना कर चुके ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने यह बताया है कि अप्रैल के अंत तक हर दिन 1,00,000 टेस्ट करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही डायग्नॉस्टिक इंडस्ट्री तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है। क्वारंटीन होने के 7 दिन बाद हैनकॉक ने कहा कि यह लक्ष्य तय किया गया है और उनको भरोसा है कि यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इन टेस्ट्स के अंतर्गत वायरस की मौजूदगी देखने के लिए किया जाने वाला स्वॉब टेस्ट और ऐंडीबॉडी ब्लड टेस्ट शामिल है। ब्लड टेस्ट से पता चलता है कि किसी में वायरस था या नहीं। हैनकॉक का कहना है कि सरकार 9 कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# कोरोना संकट से दुनिया में गहराया मंदी का खतरा

**आफत**

## लॉकडाउन जैसे हालात में रहने के बावजूद यह विषाणु तेजी से फैल रहा है

अब तक 50,000 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनियाभर में इससे संक्रमित लोगों की संख्या 10 लाख के पार चली गई है तथा 50,000 लोग जान गंवा चुके हैं। अभी तक एक दिन में सबसे अधिक मौत की संख्या अमेरिका से सामने आई है। आधी से ज्यादा दुनिया के लॉकडाउन जैसे हालात में रहने के बावजूद यह विषाणु तेजी से फैल रहा है।

कोरोना वायरस से अमेरिका, स्पेन तथा ब्रिटेन में हालात बेहद खराब हो गए हैं। इस वैश्विक महामारी से अर्थव्यवस्था भी चरमरा रही है। नए आंकड़ों के अनुसार, 66.5 लाख अतिरिक्त अमेरिकियों ने पिछले सप्ताह बेरोजगारी लाभ के लिए हस्ताक्षर



किए। इसके साथ ही मार्च के पिछले दो हफ्तों में एक करोड़ लोग अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। अर्थशास्त्रियों ने आगाह किया कि हालात और बिगड़ने वाले हैं।

**अर्थव्यवस्थाएं 30 प्रतिशत तक सिकुड़ेंगी:** वित्तीय रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को अनुमान जताया कि अमेरिका और यूरोजोन की अर्थव्यवस्थाएं इस तिमाही में 30 प्रतिशत तक सिकुडेघ्गी। विश्वभर के नेताओं ने इस संकट से निपटने के लिए बड़े वित्तीय सहायता पैकेजों की घोषणा की है और विश्व बैंक ने गुरुवार को 15 महीनों में 160 अरब डॉलर आपात नकदी जारी करने की योजना को मंजूरी दी है।

जॉन्स हॉप्किन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में इस संक्रामक रोग से करीब 6,000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 1,100 से अधिक लोगों की मौत पिछले 24 घंटे में हुई। व्हाइट हाउस के विशेषज्ञों का कहना है कि इस बीमारी से 100,000 से 2,40,000 अमेरिकी जान गंवा सकते हैं। अमेरिका की करीब 85 प्रतिशत आबादी किसी न किसी तरह से घरों में सिमटी हुई है।

पिछले कुछ हफ्तों से यूरोप इस संकट का केंद्र बना हुआ है लेकिन ऐसे संकेत मिले हैं कि यह महामारी वहां चरम पर पहुंच सकती है। स्पेन और ब्रिटेन में 24 घंटे के दौरान क्रमशरू 950 और 569 लोगों की मौत हुई है। अकेले इटली और स्पेन में ही पूरी दुनिया में मरने वाले लोगों की आधी संख्या है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों देशों में नए संक्रमण के मामले कम हो रहे हैं।

**एक दिन में 100,000 लोगों की जांच करने का लक्ष्य:** इस विषाणु ने मुख्यतरू बुजुर्ग और पहले से बीमार लोगों को अपना निशाना अधिक बनाया है लेकिन किशोरों और यहां तक कि छह माह की एक बच्ची की मौत के मामलों ने सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

## अमेरिका में 24 घंटे में 1,169 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। कोरोना वायरस के कहर का सामना कर रहे अमेरिका में मरने वालों की संख्या 5,926 पहुंच गई है। गुरुवार को 24 घंटे में ही 1,169 लोगों की मौत हो गई जो अपने आप में रेकॉर्ड है। अमेरिका में कोरोना वायरस बहुत तेजी से अपना प्रसार करता जा रहा है। अब तक 243,000 लोग अमेरिका में इस किलर वायरस से संक्रमित हो चुके हैं।

जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से संक्रमण के 30 हजार नए मामले सामने आए हैं। यूनिवर्सिटी ने बताया कि कोरोना से गुरुवार को 1,169 लोगों की मौत हो गई जो अपने आप में पूरी दुनिया में रेकॉर्ड है। इससे पहले इटली में 27 मार्च को 969 लोगों की मौत हो गई थी। इसके साथ ही अमेरिका में इस महामारी से मरने वालों की संख्या 5,926 पहुंच गई है।

अमेरिका का वुहान कहे जाने वाले न्यूयॉर्क शहर में मरने वालों की संख्या 1500 पहुंच गई है। अब तक अमेरिका में एक करोड़ 30 लाख लोगों का कोरोना वायरस टेस्ट किया गया है। अमेरिका में कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई में मास्क, गाउन और दस्ताने समेत जरूरी चिकित्सा सामान का आपात जखीरा समाप्त होने की कगार पर है।



## किलर कोरोना वायरस से घबराए ब्रिटेन में बेघरों को मिलेगा आसर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में कोरोना वायरस से अब तक लगभग 3 हजार लोगों की मौत होने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने बेघरों को इस सप्ताह के अंत तक घर देने का ऐलान किया है। ब्रिटिश सरकार के इस फैसले के बाद भी देश में बड़ी संख्या में बेघर लोग सड़कों पर भूखे हैं। इन लोगों में कोरोना वायरस को लेकर डर भी बना हुआ है। उन्हें यह डर सता रहा है कि कहीं उनकी जान न चली जाए। इस बीच ब्रिटेन के आवासीय मंत्रालय ने शुक्रवार को स्थानीय परिषदों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि इस सप्ताह के अंत तक बेघर लोगों को रहने की जगह मुहैया कराएं।

## चीन के वुहान शहर में फिर मंडरा रहा कोरोना के कहर का खतरा, चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वांग झोंगलिन ने इसकी चेतावनी दी

वुहान। कोरोना वायरस का गढ़ रहे चीन के वुहान शहर में एक बार फिर से किलर कोरोना वायरस के कहर का खतरा मंडरा रहा है। वुहान शहर में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वांग झोंगलिन ने चेतावनी दी है कि शहर में अभी भी कोरोना वायरस का काफी ज्यादा खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि वे नियंत्रण और बचाव कार्य जारी रखें।

इस बीच कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए चीन में प्रशासन मृत लोगों की याद में होने वाली प्रार्थना सभाओं को या तो रोक रहा है या फिर उन पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा है। दरअसल, वुहान में लोग हर साल इस साल मृतकों की कब्रों पर जाते हैं और वहां सफाई करते हैं। कोरोना वायरस का खौफ इतना ज्यादा है कि स्थानीय अधिकारी लोगों को अपने परिवार के सदस्यों को याद भी नहीं करने दे रहे हैं।

इस बीच कोरोना वायरस से चीन में संक्रमित लोगों के मिलने का सिलसिला अभी जारी है। शुक्रवार को चीन में कोरोना वायरस से संक्रमित 4 लोगों का मामला सामने आया। वहीं कोरोना वायरस से चीन में मरने वालों की आधिकारिक संख्या 3,322 है। चीन ने कहा है कि 60 ऐसे भी मामले सामने आए हैं जिनमें कोरोना वायरस के लक्षण दिख रहे हैं।

**वुहान में मौतों को लेकर गहराया रहस्यः** चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस से कितनी मौतें हुईं, इसको लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। वुहान के स्थानीय लोगों का मानना है कि चीनी अधिकारियों के दावे के विपरीत यहां पर कम से कम 42 हजार लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई। इससे पहले चीन के अधिकारियों ने दावा किया था कि वुहान में मात्र 3200 लोगों की मौत हुई थी।

## चीन के इस शहर में कुत्ते-बिल्ली का मांस खाने पर लगी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेईचिंग। कोरोना वायरस के खतरों से निपटने में जुटे चीन ने शेनझेन शहर में कुत्ते और बिल्लियों के मांस खाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि यह सब कोरोना वायरस के रोकधाम के लिए किया जा रहा है। शेनझेन चीन का पहला शहर है जहां यह आदेश लागू किया गया है।

चीन सरकार पहले ही जंगली जानवरों के मांस को खाने पर पाबंदी लगा चुकी है। इसके बाद अब शेनझेन में कुत्ते और बिल्लियों के मांस पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की रिपोर्ट के अनुसार केवल एशिया में हर साल 3 करोड़ कुत्तों को मांस के लिए मार दिया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, शेनजेन की स्थानीय सरकार ने कहा है कि कुत्ते और बिल्लियां पालतू जानवरों के तौर पर इंसानों के काफी नजदीक हैं। यही नहीं इनके मांस को खाने पर कई विकसित देशों में भी पाबंदी है। यह प्रतिबंध मानव सभ्यता के अनुकूल भी है। शेनझेन प्रशासन के फैसले का कई संस्थाओं के स्वागत किया है।